**E-mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**सं0 सं0** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (दरभंगा प्र0)–10/2025 4242 पटना, दिनांक 28/07/2025

## आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, समस्तीपुर का पत्रांक 89 दिनांक 06.02.2025 द्वारा सुश्री/श्रीमती प्रीति कुमारी (AEN09960), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरुद्ध अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए संविदा समाप्त करने की अनुशंसा की गयी है।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 790 दिनांक 18.02.2025 द्वारा सुश्री/श्रीमती कुमारी से स्पष्टीकरण की माँग की गयी है एवं पत्रांक 1313 दिनांक 19.03.2025 द्वारा स्मारित किये जाने पर सुश्री/श्रीमती कुमारी द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किया गया जिस पर बन्दोबस्त पदाधिकारी, समस्तीपुर का पत्रांक 386 दिनांक 10.05.2025 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया है।

प्राप्त मंतव्य में उल्लेख किया गया है कि सुश्री/श्रीमती कुमारी द्वारा तीन सप्ताह के चिकित्सीय अवकाश की माँग की गयी थी, परन्तु अवकाश समाप्त हो जाने के पश्चात् भी इनके द्वारा योगदान नहीं किया गया। स्पष्टीकरण की माँग करने पर इनके द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है, जो अत्यन्त ही खेदजनक है। ऐसा कोई भी साक्ष्य यथा चिकित्सा पूर्जा संलग्न नहीं किया गया जो उनके अनुपस्थिति को आवश्यक प्रमाणित कर सके। साथ ही बन्दोबस्त पदाधिकारी, समस्तीपुर का पत्रांक 483 दिनांक 30.05.2025 द्वारा अबतक कार्यालय से अनुपस्थित रहने की सूचना उपलब्ध कराते हुए पुनः संविदा समाप्त करने की अनुशंसा की गयी है।

सभी अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनका इतनी लम्बी अवधि से अनुपस्थित रहने से इन्हें आवंटित कार्य बाधित हुआ है। इनका आचरण स्वच्छ संविदा कर्मी के सर्वथा प्रतिकूल है। इस परिपेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः निदेशालय आदेश संख्या 685 दिनांक 17.03.2022 के कंडिका–7 के आलोक में "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–08 (4) के तहत सुश्री/श्रीमती प्रीति कुमारी (AEN09960), विशेष सर्वेक्षण अमीन बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

25/7

**(जे0 प्रियदर्शिनी)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (दरभंगा प्र0)–10/2025 4242 पटना, दिनांक 28/07/2025

**प्रतिलिपि** : सुश्री/श्रीमती प्रीति कुमारी (AEN09960), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/7

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (दरभंगा प्र0)–10/2025 4242 **पटना, दिनांक** : 28/07/2025

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/7

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (दरभंगा प्र0)–10/2025 4242 **पटना, दिनांक** : 28/07/2025

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

25/7

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप